# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 18.10.25 | 4 | 1-2 |

## अनुशासन और समर्पण के बल पर हासिल किया जा सकता है हर लक्ष्य




एचएयू में समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्नातकोत्तर व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र विशेष पहचान है। बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि आईसीएआर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित कि गई स्नातकोत्तर एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप/सीनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में 46 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। जिनमें पीएचडी के 6 और पीजी के 40 विद्यार्थी शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई जबटॉप 10वें रैंक वाले विद्यार्थियों ने मंच पर पुरस्कार ग्रहण करने से मना कर दिया। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 18.10.25 | 4 | 3-5 |

# लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करने वाले विद्यार्थी को सफलता अवश्य मिलती है: प्रो. काम्बोज

### हकृवि में स्नातकोत्तर व पी.एच.डी. रैंक होल्डरस विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए।*

हिसार, 17 अक्तूबर (ब्यूरो): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई स्नातकोत्तर व पी.एच.डी. की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र विशेष पहचान है। हमारे विद्यार्थी निरंतर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र हित के लिए करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय विधार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण, दृढ़ता एवं लग्न के साथ-साथ शिक्षकों को भी जाता है जिन्होंने विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए। बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि आई.सी.ए.आर. द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित कि गई स्नातकोत्तर एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप/सीनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में 46 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। जिनमें पी.एच.डी. के 6 तथा पीजी के 40 विद्यार्थी शामिल हैं जिनमें कृषि महाविद्यालय हिसार के 24, कृषि महाविद्यालय बावल के 8 तथा कृषि महाविद्यालय कौल के 8 विद्यार्थी शामिल हैं। डॉ. जगमोहन सिंह ने कार्यक्रम में आई.सी.ए.आर. में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 18.10.25 | 4 | 1-5 |

# पीजी और पीएचडी प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर विद्यार्थी सम्मानित



**हिसार** | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्नातकोत्तर व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एचएयू के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह किया गया। कृषि कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को पा सकते हैं। आईसीएआर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित स्नातकोत्तर एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप/सीनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में 46 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इनमें पीएचडी के 6 तथा पीजी के 40 विद्यार्थी शामिल है।

## वीसी के हाथों सम्मान लेने से किया इनकार

समारोह में कुछ विद्यार्थियों ने वीसी के हाथों पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया। अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। विरोध जताने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि वीसी ने ही विवि में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठियां बरसवाई, जिसके कारण 22 दिन तक विद्यार्थी धरने पर बैठे रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 18.10.25 | 14 | 2-4 |

# मेहनत से पा सकते हैं कोई भी लक्ष्य

- हकृवि में स्नातकोत्तर व पीएचडी रैंक होल्डरस विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्नातकोत्तर व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह किया गया। कृषि महाविद्यालय में इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि प्रो. कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए।

## ये विद्यार्थी शामिल

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि आईसीएआर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित कि गई स्नातकोत्तर एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप/सीनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में 46 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। जिनमें पीएचडी के 6 तथा पीजी के 40 विद्यार्थी शामिल हैं जिनमें कृषि महाविद्यालय हिसार के 24, कृषि महाविद्यालय बावल के 8 तथा कृषि महाविद्यालय कौल के 8 विद्यार्थी शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 18.10.25 | 5 | 6-8 |

# लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करने वाले विद्यार्थी को सफलता अवश्य मिलती है : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में स्नातकोत्तर व पीएचडी रैंक होल्डरस विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हिसार, 17 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई स्नातकोत्तर व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र विशेष पहचान है। हमारे विद्यार्थी निरंतर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र हित के लिए करने का आह्वान किया। गांव-गांव तक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पहुंचना, कृषि को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाना यही आपका असली योगदान रहेगा। कुलपति ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय प्रशासन, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देता हूं जिन्होंने इन विद्यार्थियों को सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय विधार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण, दृढ़ता एवं लग्न के साथ-साथ शिक्षकों को भी जाता है जिन्होंने विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए। बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों ने शिक्षा, शोध कार्यों, नवाचार और खेलकूद सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का देश और प्रदेश में नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आईसीएआर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित कि गई स्नातकोत्तर एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप/सीनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में 46 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। जिनमें पीएचडी के 6 तथा पीजी के 40 विद्यार्थी शामिल हैं जिनमें कृषि महाविद्यालय हिसार के 24, कृषि महाविद्यालय बावल के 8 तथा कृषि महाविद्यालय कौल के 8 विद्यार्थी शामिल हैं। डॉ. जगमोहन सिंह डिल्लों ने कार्यक्रम में आईसीएआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिर्पोट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मंजुनाथ एस.हुरकडली ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. चेत्रा भट्ट ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।